Sample Paper- 2 (Unsolved)

भूगोल (Geography)

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 70**

सामान्य निर्देश

I) प्रश्नों की कुल संख्या 22 हैं।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

iv) प्रश्न संख्या 1–7 तक अति लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

v) प्रश्न संख्या 8–13 तक लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

vi) प्रश्न संख्या 14 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं ऐसे सभी प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिये।

vii) प्रश्न संख्या 21–22 मानचित्र आधारित प्रश्न है। ये प्रश्न भारत एवं विश्व के रेखाचित्रों पर भौगोलिक लक्षणों को दिखाने और पहचानने से सम्बन्धित है।

viii) भारत तथा संसार के रेखा मानचित्रों को प्रश्नपत्र से अलग कर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ लगाइये।

1. ब्रह्मांड की उत्पत्ति सम्बन्धी स्थिरा अवस्था संकल्पना किसने प्रस्तुत किया। 1

2. बृहत संचलन के लिए कौन–सी शक्ति सहायक होती है? 1

3. किस महासागर की धाराएं ऋतु परिवर्तन के साथ अपनी दिशा बदल लेती हैं? 1

4. शीतोष्ण घास भूमियों को संयुक्त राज्य अमेरीका तथा अर्जेंटाइना में किस नाम से जाना जाता है? 1

5. अरावली पर्वत की सबसे ऊँची चोटी कौन–सी है? 1

6. केरल व तटीय कर्नाटक में मानसून पूर्व की स्थानीय तूफानी वर्षा को क्या कहते हैं? 1

7. प्राकृतिक आपदाएं किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण दो। 1

8. भूगोल किस प्रकार ऐतिहासिक घटनाओं को प्रभावित करता है? बतलाइए। 3

9. वे कौन–सी वैज्ञानिक खोजें थी जिन्होंने महाद्वीपीय विस्थापन के सिद्धान्त को खारिज कर दिय? 3

https://www.evidyarthi.in

10. जैव विविधता को किन तीन स्तरों पर समझा जा सकता है? 3

11. भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं? 3

12. जीव मंउल निचय को परिभाषित कीजिए? 3

13. मृदा अपरदन को रोकने के विभिन्न उपाय बताइए। 3

14. शैल चक्र के अनुसार प्रमुख प्रकार की शैलों के बीच क्या सम्बन्ध होती है। 5

15. युग्मित वेदिकाएं और अयुग्मित वेदिकाएं क्या है? चित्र बनाकरसमझाइए? 5

16. महासागरीय जल की लवणता किन कारकों से प्रभावित होती है तथा लवणता के क्षैतिज वितरण का वर्णन कीजिए? 5

17. गंगा नदी की पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

18. भारत में वर्षा पर्वत कृत है। वर्षा के वितरण तथा इस पर उच्चावच के प्रभाव के संदर्भ में पाँच उदाहरण दीजिए। 5

19. भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइऐ :– 5

1) संसार का सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान

2) पश्चिम की ओर बहने वाली एक नदी।

3) भारत का मरूस्थलीय राज्य

4) कश्मीर हिमालय का कोई पवित्र स्थान।

5) ज्वारीय वन।



evidyarthi

20. संसार के मानचित्र में निम्नलिखित को पहचानिए तथा दिए गए स्थान पर उनके नाम लिखिए। 5

A) उत्तरी अमेरीका का नवीन वलित पर्वत ।

B) मध्य अटलांटिक की आकृति।

C) गौण प्लेट

D) हॉट स्पॉट

E) ठंडी समुद्री धाराएँ



https://www.evidyarthi.in